राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस–नोट

क्रमांक : एफ.6(33) परीक्षा 'क'/प्राध्यापक/(संस्कृत शिक्षा)/2016–2017/5553 दिनांक : 17.03.2021

आयोग द्वारा प्राध्यापक–(संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा–2018 के सामान्य व्याकरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति दिनांक 02.03.2021 जारी कर दिनांक 08.03.2021 को काउंसलिंग स्थल–राजस्थान लोक सेवा आयोग परिसर अजमेर में काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त काउंसलिंग कार्यक्रम में किसी भी कारण से अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा दिनांक 23.03.2021 को समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक काउंसलिंग में उपस्थित होने का अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है कि वे काउंसलिंग के संबंध में पूर्व में जारी आवश्यक दिशा–निर्देश के तहत् वांछित दस्तावेज आदि के साथ उक्त उल्लेखित दिवसों में काउंसलिंग हेतु काउंसलिंग स्थल–राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर में उपस्थित होवें। इस हेतु पूर्व मे ऑनलाईन जारी कारंसलिंग–पत्र ही मान्य होगा अलग से कोई पत्र जारी नही किया जायेगा। विस्तृत जानकारी हेतु आयोग के पूर्व प्रेस–नोट दिनांक 07.01.2021 का आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन करे।

काउंसलिंग में उपस्थित नही होने पर अभ्यर्थी को काउंसलिंग से वंचित कर दिया जायेगा, इस हेतु अन्य कोई अवसर देय नही होगा। काउंलिंग में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थी अन्तिम परिणाम हेतु विचारित योग्य नही होगें, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। काउंसलिंग हेतु उपस्थित होने वाले सभी अभ्यर्थियों को कोविड 19 महामारी के संबंध में राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा जारी निर्देशों (Guideline) की पूर्णतः पालना आवश्यक है। अभ्यर्थियों को मास्क पहन कर आना अनिवार्य है। काउंसलिंग में शामिल अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नही होगा।

(शुभम् चौधरी)
सचिव